्धिकारी के विरुद्ध की नारेबाजी

जासंकें, फरीदाबाद : भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) में एक अधिकारी द्वारा महिला अधिकारी के साथ बदसलूकी किए जाने के मामले में आप कार्यकर्ताओं ने संबंधित चौकी क्षेत्र के सामने विरोध प्रदर्शन किया। यह मामला पिछले काफी समय से चला आ रहा है। महिला अधिकारी द्वारा पुलिस में शिकायत की गई है कि एक वरिष्ठ अधिकारी उसका बार-बार तबादला कर रहा है। वह उसके साथ गलत काम के लिए दबाव बना रहा है। पिछले ढाई साल में उसका 12 बार तबादला कर दिया गया। जिस बीएसएनएल अधिकारी पर आरोप लगाया जा रहा है, उसने अपना पक्ष पुलिस के समक्ष कई बार रखा है।.इस अधिकारी ने कहा है कि वह सीनियर ऑफिसर होकर किराए के मकान में रह रहा है जबकि जो महिला अधिकारी आरोप लगा रही है, वह उन्हें अलाट मकान में जबरन रह रही है।

श्रममंत्री के निवास पर प्रदर्शन किया : श्रमिक दिवस के अवसर पर ट्रेड यूनियन काउंसिल के तत्वावधान में कर्मचारियों ने बुधवार को प्रदेश के श्रममंत्री शिवचरण लाल शर्मा के निवास पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों की मांग थी कि श्रम कानूनों को जल्द लागू किया जाए, कच्चे कर्मचारियों को पक्की करें, प्रदेश की कंपनियों में चल रही श्रमिक अशांति का समाधान निकाला जाए एवं हिसार में बिजली बोर्ड के बर्खास्त किए गए कर्मचारियों को वापस लिया।

बीएसएनएल के जीएम पर छेड़छाड़ का केस दर्ज

NBT

बीएसएनएल दफ्तर के सामने इस मसले को लेकर हुआ प्रदर्शन

एनबीटी न्यूज ॥ सेक्टर 15 ए

बीएसएनएल की एक महिला अधिकारी ने जीएम पी. के. श्रीवास्तव पर छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इसे लेकर बुधवार को महिला कर्मचारियों व अन्य कर्मियों ने सेक्टर-15ए स्थित बीएसएनएल सऑफिस के सामने प्रदर्शन किया। इतना ही नहीं कर्मचारियों ने कार्रवाई की मांग को लेकर सेक्टर-15ए पुलिस चौकी में शिकायत भी की। देर रात पुलिस ने जीएम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

जीएम ने खुद पर लगे आरोपों को गलत बताया

बुधवार को सुबह करीब 10 बजे तमाम महिला कर्मचारी व अन्य कर्मचारी बीएसएनएल ऑफिस पहुंचे और गेट पर अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर धरना-प्रदर्शन करना शुरू किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि करीब तीन साल से फरीदाबाद में तैनात एक महिला अधिकारी पर अनैतिक मांग को पूरी करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। मांग न माने जाने पर जीएम उस महिला अधिकारी को परेशान कर रहे हैं और उसके साथ अन्य कर्मचारी भी मिले हुए हैं। इस मामले में बीएसएनएल के जीएम का कहना है कि उन पर जो आरोप लगाए गए हैं, वे निराधार है और मामले की जांच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आरोप लगा रही महिला अधिकारी टाइप टू मकान की हकदार हैं, जबकि वह टाइप 5 में रह रही है। तीन साल में करीब आधा दर्जन ट्रांसफर किए गए हैं और उनके पीछे महिला अधिकारी की शिकायतें हैं।

जीएम का यह भी कहना है कि शिकायतकर्ता महिला अधिकारी अधिकारियों पर दूसरे शहर में ट्रांसफर न करने के लिए दबाव बना रही है। सेक्टर-15ए चौकी इंचार्ज विश्व गौरव ने बताया कि शिकायत मिली है। देर रात जीएम के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।